सोना और चांदी की खोज

4168. **प्रो० राम बक्श सिंह वर्मा :** क्या खान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पिछले तीन वर्षों के दौरान देश में सोना और चांदी की खोज के लिए विभिन्न परियोजनाओं पर वर्ष-वार कितनी धनराशि व्यय की गई है ;

(ख) विदेशी कम्पनियों द्वारा की गई ऐसी परियोजनाओं की संख्या कितनी है और क्या ये सभी परियोजनाएं सफल रही हैं ;

(ग) उक्त अवधि के दौरान ऐसी परियोजनाओं पर कुल कितनी धनराशि व्यय की गई हैं ; और

(घ) सरकार ने खोज कार्य हेतु विदेशी कम्पनियों को दुर्लभ विदेशी मुद्रा के भुगतान से बचने के लिए क्या कार्यवाही की है ?

खान मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री बलराम सिंह यादव): (क) पिछले तीन वर्षों के दौरान देश में स्वर्ण की खोज के बारे में विभिन्न परियोजनाओं पर भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण और खनिज गवेषण निगम लि० द्वारा खर्च की गई राशि का विवरण निम्नवत है :—

(लाख रु० में)

	1991-92	1992-93	1993-94
भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण	219.30	369.16	448.38
खनिज गवेषण निगम लि० . . .	—	689.55	533.05

चांदी के गवेषण के लिए कोई अलग परियोजना शुरू नहीं की गई है क्योंकि चांदी देश में निकाली गई मूल धातुओं और स्वर्ण निक्षेपों से उपोत्पाद के रूप में प्राप्त होती है ।

(ख) विदेशी कम्पनियों द्वारा गवेषण के लिए कोई परियोजना शुरू नहीं की गई है ।

(ग) और (घ) प्रश्न नहीं उठता ।

Joint venture projects between India and France in mining sector

4169. SHRI SARADA MOHANTY: Will the Minister of MINES be pleased to state:

(a) whether some joint venture projects are proposed to be set up in the mining sector between India and France;

(b) whether any agreement has been signed between both the countries to undertake mining exploration and extraction and processing of precious stone in Karnataka;

(c) whether similar agreement is proposed to undertake such mining activities in Orissa too; and

(d) if so, the steps taken thereon?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF MINES (SHRI BALRAM SINGH YADAV): (a) Yes, Sir. The Hindustan Zinc Limited (HZL, a public sector undertaking under the Ministry of Mines, signed a memorandum of Understanding (MOU) on 9th April, 1994, with Bureau of Research in Geology and Minerals (BRGM), France and Vietnam Rare and Precious Minerals Corporation (VMC) Vietnam for exploratinon and development of Pac Lang gold prospects in Vietnam as a joint venture project, if found economically viable.

(b) No, Sir.

(c) No, Sir.

(d) Does not arise.